हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 जून 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 पल्स पोलियो अभियान के लिए कंट्रोल रूम का ...



07 'मुझे जल्दी ही दुनिया से जाना है, समय कम इसलिए...




## खबर संक्षेप में



### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ

**नलखेड़ा।** नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित सैकड़ो वर्ष प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पूर्णिमा को महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ होगा। पंचमुखी बालाजी भक्त मंडल द्वारा गत वर्ष जेठ माह पूर्णिमा से प्रत्येक माह की पूर्णिमा पर सायं 7.30 बजे पंचमुखी हनुमान की महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ का धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था जो लगातार निरंतर 1 वर्ष से जारी है। 22 जून पूर्णिमा के दिन भी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रात्रि 8 बजे महा आरती एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। गौरतलब है कि पंचमुखी हनुमान मंदिर नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित होकर सैकड़ो वर्ष प्राचीन है। यहाँ आये दिन हवन, महाआरती, सुंदरकांड के आयोजन भक्तों द्वारा करवाये जाते रहते है। किसी भी खुशी, उत्सव आदि पर यहाँ महाआरती करवाने की भी परंपरा है।

### नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम पर होंगे कार्यक्रम




**नलखेड़ा।** पूर्णिमा पर ग्राम लालूखेड़ी में स्थित नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर भगवान पार्श्वनाथजी का पूजन, अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जावेगे। नगर से 9 किलोमीटर दूर आमला नलखेड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन जालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर 22 जून पूर्णिमा के दिन भगवान पार्श्वनाथ जी का पूजन, अभिषेक का कार्यक्रम होगा। प्रातकाल मंदिरजी में परमात्मा का अभिषेक तथा पूजन ,आरती होगी। दोपहर 3 बजे मंदिर में पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन, तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य लाभार्थी कैलाशचंद , प्रेमचंद, प्रकाशचंद, प्रितेशकुमार,अदिति, वेदांश, मनवीर फाफरिया परिवार की ओर से रखा गया है। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जावेगी। इस अवसर पर तीर्थ व्यवस्थापक समिति द्वारा लाभार्थी परिवार का बहूमान किया जावेगा।

### भाजपा ने बनाए कार्यक्रमों के प्रभारी



**नलखेड़ा।** कार्यक्रमों को लेकर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न हुई। गुरुवार को स्थानीय रेन बसेरा परिसर में भाजपा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमो को लेकर चर्चा की गई एवं विभिन्न कार्यक्रमो के लिए प्रभारी नियुक्त किये गए। इनमें 21 जून योग दिवस के प्रभारी मुन्नालाल गवली, 23 जून स्मृति दिवस के प्रभारी प्रेम बैरागी, 25 जून आपातकाल काला दिवस के प्रभारी बिरमलाल मालवीय, 30 जून मन की बात के प्रभारी रितेश सोनी, 6 जुलाई मुखर्जी जयंती के प्रभारी महेश यादव एवं 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रभारी रमेश पाटीदार को बनाया गया। बैठक में मंडल पदाधिकारी एवं अन्य दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षक रहते और सेवानिवृत्ति के बाद भी योग सिखाने जीवन किया समर्पित

# योग जीवन जीने की कला, रोज कीजिए योग और हरदम रहिए निरोग: श्रीवास्तव

जीवन में निरोग रहने के लिए इंसान को अनिवार्य रूप से प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग के माध्यम से जटिल से जटिल बीमारी को समाप्त किया जा सकता है, योगी हमेशा निरोगी रहता है। यदि वृद्ध व्यक्ति भी योग के प्रयोग करना शुरू कर दे तो मात्र 30 दिन में बुढ़ापे को पीछे छोड़ देगा व नए जोश से भर जाएगा। लोगों को योग के माध्यम से निरोग रहने की प्रेरणा देते हुए योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव ने अपना पूरा जीवन इसी कार्य के लिए समर्पित कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

एक शिक्षक के रूप में सेवाकाल के दौरान भी व सेवानिवृत्ति के बाद भी श्रीवास्तव निरंतर आम जनमानस को योगाभ्यास करा रहे हैं। योग के क्षेत्र में कार्य करने पर इनको राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पुरस्कार भी मिल चुके हैं। शासकीय शिक्षक के रूप में श्रीवास्तव ने सेवाकाल की अवधि के दौरान असंख्य योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए और बच्चों तथा अन्य शिक्षकों को इसके लिए प्रेरित किया। विशेष योग्यता को लेकर इन्हें जिले में योगाचार्य के रूप में भी पदस्थ किया गया। जिला मुख्यालय पर होने वाले लगभग आयोजनों में योगाचार्य के रूप में श्रीवास्तव द्वारा ही योग कराए जाते हैं। उनके द्वारा मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रांतों में 100 से अधिक योग प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास कराया जा चुका है। वहीं सन 1999 से श्री ऊं योग केंद्र की स्थापना कर कई लोगों को निःशुल्क योग



सिखाया गया। शासकीय योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार सहित अन्य संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके श्रीवास्तव निरंतर इस कार्य में जुटे हैं।

नगर में शिक्षक रह चुके व प्रसिद्ध योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव ने योग दिवस पर इस प्रतिनिधि को बताया कि योग जीवन जीने की कला है, यहां स्वास्थ्य का पहला पायदान व शांति, समृद्धि का आधार है। योग तन को स्वस्थ करता है और मन को तंदुरुस्त, उत्साह पूर्ण एवं ऊर्जावान जीवन के लिए योग बेहतर पद्धति है। उन्होंने बताया कि योग बीमारियों को दूर करने की ताकत देता है, और व्यक्ति को बीमारियों से कोसों दूर रखता है। अगर व्यक्ति 24 घंटे में से एक घंटा योग को समर्पित करें और वह प्रतिदिन 20 मिनट योगासन, 10 मिनट प्राणायाम और 30 मिनट ध्यान करें तो इससे न केवल उसका कायाकल्प होगा वरन वह स्वस्थ, सुखी और मधुर जीवन का मालिक भी बन जाएगा। उन्होंने बताया कि योग हमेशा खुली हवा में करें, सादगी पूर्ण ढीले कपड़े पहने, नीचे मोटा आसान बिछाए, झटके से न करें, योग की हर मुद्रा में 5 सेकंड रुके।

शरीर के साथ ज्यादती न करें, एकाग्रता वह मुस्कान से करें। शौच से निर्वत होकर स्नान करें, पूर्व - पश्चात आधा घंटा खान-पान से बचे। महिलाएं गर्भावस्था व मासिक धर्म में योग न करें।

#### घुटने के असहनीय दर्द से मिलता है छुटकारा

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जहां हर व्यक्ति घुटने के असहनीय दर्द से परेशान हो रहा है, योग में इसको ठीक करने की शक्ति छिपी हुई है। जिस व्यक्ति को घुटने का दर्द है वहां व्यक्ति कुर्सी पर बैठकर पंजों को आगे - पीछे घुटनों को ऊपर - नीचे करें व लेटकर क्रमशः एक-एक पैर को एक फुट जितना ऊपर उठाकर रोके रखें फिर नीचे ले आए। इस प्रकार की योगा करने से उनके घुटनों का दर्द ठीक हो सकता है।

#### वर्तमान शिक्षा योग आधारित होना चाहिए

श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में शिक्षा केवल ज्ञान का भंडार नहीं बल्कि ज्ञान का सृजन करती है। शिक्षा, संस्कृति की संवाहक होती है, शिक्षा समाज को प्रभावित करती और समाज से प्रभावित भी होती है। भारतीय शिक्षा में राष्ट्रीयता एवं योग का समावेश भी होना चाहिए।


#### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मिला सम्मान

श्रीवास्तव को जहां जिला एवं प्रदेश स्तर पर सम्मान मिल चुका है वहीं 2011 में नेशनल अकेडमी ऑफ पंचकर्म एंड रिसर्च, अखिल भारतीय आयु विज्ञान संस्थान, ओजस आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद महासम्मेलन मध्य प्रदेश, आरोग्य भारती मध्य भारत, भारतीय आरोग्य विज्ञान परिषद भोपाल जैसी संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी है।

### दोपहर में 12.27 बजे सूर्य की स्थिति होगी लंबवत

## सावधान! आज आपका साया छोड़ सकता है साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




कहते हैं कि साया या परछाई हमेशा साथ-साथ चलती है, किंतु अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी शुक्रवार को मालवा क्षेत्र के कई स्थानों पर दोपहर में 12 बजकर 27 मिनट पर सूर्य की लंबवत स्थिति के कारण छाया या तो सीधे गायब हो जायेगी या उसकी लंबाई वर्ष में सबसे न्यूनतम रहेगी, जोकि एक वार्षिक खगोलीय घटना है।

इनोवेशन और वैज्ञानिक जागरुकता के लिए कार्य करने वाली संस्था ग्लोबल इनोवेशन फॉउंडेशन के कॉर्डिनेटर शैलेन्द्र कसेरा ने इस घटना के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी की धूर्णन की धुरी का झुकाव होती है, जो पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा के तल के लंबवत होने की जगह उससे 23.5 डिग्री तक झुकी होती है। इसी वजह से साल भर सूर्य की स्थिति उत्तर और दक्षिण के बीच बदलती रहती है जिसे आमतौर पर उत्तरायण और दक्षिणायन भी कहते है। इस कारण दोपहर के समय भी सूर्य हमारे सिर के ठीक ऊपर नहीं आ पाता है। शून्य छाया दिवस या जीरो शैडो डे एक ऐसी घटना है जो वर्ष में दो बार पृथ्वी पर कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित प्रत्येक बिंदु पर होती है इस दौरान, ऊर्ध्वाधर वस्तुएं की स्थानीय दोपहर में कोई छाया नहीं बनती हैं, जब सूर्य वस्तु के ठीक ऊपर अपने चरम पर होता है। यह उत्तरायण के दौरान दक्षिण से उत्तर की ओर और दक्षिणायन के दौरान उत्तर से दक्षिण की ओर सूर्य की गति के कारण होता है।

#### इन स्थानों पर आज न्यूनतम छाया होगी

- आगर 21 मई को 12 .28 बजे
- सुसनेर 21 मई को 12 .27 बजे
- कानड 21 मई को 12 .27 बजे
- नलखेड़ा 21 मई को 12 .27 बजे
- बड़ोंद 21 मई को 12 .28 बजे

21 जून को शाजापुर और उज्जैन क्षेत्र कर्क रेखा के नीचे होने के कारण यहां कुछ क्षण के लिए परछाई सूर्य की स्थिति के कारण दिखाई नही देगी। जबकि अन्य स्थानों में पूरे वर्ष की तुलना में छाया की लंबाई न्यूनतम होगी। आगर, नलखेड़ा, सुसनेर, बड़ोद, सोयत आदि में दोपहर में शून्य छाया के स्थान पर न्यूनतम छाया दिखाई देगी। जबकि शाजापुर और शुजालपुर क्षेत्र में दोपहर में छाया लगभग शून्य या न्यूनतम हो जाएगी। आमजन और बच्चे इस खगोलीय घटना को किसी सीधे खंबे , छड़ या किसी बिलकुल सीधी वस्तु जैसे बोतल या गिलास को दोपहर साढ़े 12 बजे धूप में खड़ा कर उसकी छाया की लम्बाई का निरीक्षण कर आनंद ले सकते है।

#### बिजली कार्मिकों की शिकायतों का होगा समाधान

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभी कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को की जाएगी। यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि किसी भी कर्मचारी को कंपनी मुख्यालय में आने की आवश्यकता नहीं पड़े और उनकी समस्याओं का निराकरण उनके कर्तव्य स्थल पर ही हो जाए। इसके लिए कंपनी के क्षेत्रांतर्गत सभी कार्मिक अपनी शिकायत ई-मेल आईडी पर प्रेषित कर सकेंगे।

## विश्व योग दिवस आज पूरे जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होंगे

**जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम आवासीय खेल परिसर में सुबह 6 बजे से आयोजित होगा**

**सीहोर।** विश्व योग दिवस को शुक्रवार को जिलेभर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम आवासीय खेल परिसर में प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2024 को जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सामूहिक योग कार्यक्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई सहित शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। सामूहिक योग कार्यक्रम में योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस कर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक संगठन और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा, लेकिन जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रूप से किये जाने के लिये कहा है।

सामूहिक योग कार्यक्रम में दूरदर्शन से प्रसारित फिल्म अथवा आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार की गई फिल्म का प्रसारण स्थल पर एलईडी के माध्यम से किया जाए। प्रदेश में आकाशवाणी रेडियो से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में रेडियो प्रसारण के आधार पर सामूहिक योग कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा सकता है। सामूहिक योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। प्रतिभागियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योग की व्यवस्था करने के संबंधित को निर्देश दिए हैं।

#### आवेदन करने पर तत्काल मिल रहा बिजली कनेक्शन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को अब सरल संयोजन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर तुरंत नए कनेक्श दिए जा रहे हैं। पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए बिजली कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in पर उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। गूगल पर https://saral-sanyojan.mpcz.in:8888/home लिंक को ओपन करते ही सरल संयोजन के लिए आनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। साथ ही upay अथवा यूपीआई/डेबिट कार्ड के जरिए आनलाइन शुल्क भी जमा करना होगा। इसके तुरंत बाद ही उपभोक्ता को एक एसएमएस के माध्यम से आवेदन स्वीकृति मिल जाएगी। इसके पश्चात बिजली कंपनी द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर विधिवत किए गए ऑनलाइन आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते कंपनी से स्टेप बाइ स्टेप कंफर्मेशन दिया जाएगा। सर्वे के बाद लाइनमैन मीटर लेकर उपभोक्ता के परिसर में पहुंच जाएगा।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 23 को

### आगर जिला मुख्यालय पर दो परीक्षा केंद्रों पर 454 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर 23 जून 2024 (रविवार) को दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा आगर-मालवा जिले में दो परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी, जिसमें 454 परीक्षार्थी शामिल होंगे। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के आयोजन को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे, कौषालय अधिकारी जियालाल मुजाल्दे, नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार फुलफकीर, जिला शिक्षा अधिकारी आर जी शर्मा, संजीव उपाध्याय, विक्रम पंवार, शहाना कुरैशी, सीएचएमओ डॉ. राजेश गुप्ता सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता, शुचिता बनाये रखने के लिए गठित उडन दस्ते परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें, सभी परीक्षा केन्द्रो पर राज्य लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन



किया जाए। परीक्षा कक्ष में कोई परीक्षार्थी वर्जित वस्तुए के साथ प्रवेश न कर सकें, इसके लिए प्रवेश के पूर्व गहन चेकिंग की जाए। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी पूर्ण गरीमा के साथ महिला कर्मचारी द्वारा ली जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं दीवार घड़ी लगी हो, कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करें।

बैठक में बताया कि राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 जिला मुख्यालय पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल आगर एवं शासकीय उत्कृष्ट उमावि (दरबार कोठी) आगर परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां क्रमशः 250 एवं 204 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

#### जिले में 1 जून से 19 जून तक 35.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 10.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 10.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 30.0, आष्टा में 0.0, जावर में 0.0, इछावर में 39.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 1.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 19 जून को प्रातः 8 बजे तक 35.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 12.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 19 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 34.4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 39.0, आष्टा में 42.0, जावर में 32.0, इछावर में 79.0, भैरूंदा में 24.0, बुधनी में 15.0 तथा रेहटी में 16.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### शासकीय कन्या शिक्षा परिसर और जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित

# विश्व सिकल सेल दिवस पर बीमारी के बारे में बताया




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर और जिला चिकित्सालय में सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिये शिविर आयोजित कर इसकी रोकथाम और उपचार के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाते रहा है।'राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों के नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिये प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जॉचे जैसे- सी.बी.सी., टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है।

आदिवासी बहुल इलाकों में सिकलसेल एनीमिया की व्यापकता अधिक है एवं सिकलसेल एनीमिया आदिवासी बहुल क्षेत्रों में एक अहम स्वास्थ्य समस्या है।




बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग द्वारा रोगी की पहचान कर जेनेटिक काउंसलिंग एवं प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता, चिकित्सालय से चिकित्सकगण और छात्रा/छात्राएं तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बागली आगमन पर किया सांसद का तुलादान




**बागली।** लोकसभा खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जीतने के बाद बुधवार को पहली बार बागली नगर पहुंचे। नगर के प्रसिद्ध कालका माता मंदिर परिसर में पुर्व पार्षद कमल जायसवाल के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया। स्वागत के साथ ही सांसद का फलों से तुलादान किया गया। इस दौरान कमल जायसवाल ने बताया कि सांसद को वार्ड में किए जाने वाले विकास कार्यों से भी अवगत कराया गया है। नवनिर्वाचित सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मंदिर परिसर में मां कालका के दर्शन कर पुजन अर्चन किया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा अपनी समस्याएं भी सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के समक्ष रखी गई, जिनका जल्द हल करने का आश्वासन उन्हें पाटिल द्वारा दिया गया।इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, मुकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बीजेपी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर आरोपी को एक वर्ष तक किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आरोपी दिनेश पिता मांगीलाल पाटीदार उम्र 58 वर्ष निवासी इकलेरा माताजी, थाना पीपलरावां को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है। गुप्ता ने आदेश दिया है कि आरोपी दिनेश पाटीदार आदेश प्राप्ति से 24 घंटे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खंडवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### सड़क हादसे में पुत्र की मौत पिता घायल



**देवास।** गुरुवार को केलोद रोड पर बाइक सवार कमलेश चौधरी और उनके बेटे हरिओम चौधरी को आईशर वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर में हरिओम उम्र 16 की मौत हो गई। वहीं कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार दोनों पिता पुत्र अकबरपुर डबल चौकी क्षेत्र के रहने वाले हैं और दोनों बाइक से डकाचिया जा रहे थे इसी दौरान इन्हें केलोद रोड पर आईशर वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने हरिओम को मृत घोषित कर दिया वहीं कमलेश का इलाज जारी है। गुरुवार सुबह हरिओम का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## पल्स पोलियो व दस्तक अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न

# पल्स पोलियो अभियान के लिए कंट्रोल रूम का गठन करें, प्रोग्रेस रिपोर्ट दें: कलेक्टर

**जिले में 23 से 25 जून तक चलाया जायेगा पल्स पोलियो अभियान। कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिए निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पल्स पोलियो अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा, सहित अंर्तविभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।


बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि पल्स पोलियों अभियान के लिए कंट्रोल रूम का गठन करें, अभियान के दिन प्रत्येक दो घण्टे में प्रोग्रेस रिपोर्ट दें। पल्स पोलियों अभियान के सफल आयोजन के लिए अभियान में अन्य विभागों का भी शामिल करें। एसडीएम, बीएमओं, तहसीलदार, जनपद सीईओ की वीसी करें। पल्स पोलियों अभियान के लिए ड्यूटी आदेश निकाले। गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पल्स पोलियो अभियान एवं दस्तक अभियान की सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार की जाएं। जिसमें सुनिश्चित किया जाए कि जिले में दस्तक अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक उपचार, प्रबंधन सुनिश्चत करें। कलेक्टर ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रह जाये।

पल्स पोलियो अभियान कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आर्युवेद विभाग, वन विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत विभाग सक्रिय रूप से स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेंगे। इसके लिए वीसी के माध्यम एसडीएम, सीईओ, बीएमओ, तहसीलदार आईसीडीएस सीडीपीओ को अभियान की जानकारी दी जाएं। वे अपने मैदानी अमले को इस कार्य में सहयोग करने हेतु निर्देशित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 23 जून को शासकीय अशासकीय, समाजसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधि व आम नागरिकों के समन्वित सहयोग से जन आंदोलन के रूप में चलाया जाकर जन्म से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जायेगी।

बैठक में कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी ने बताया कि देवास जिले में कुल 1786 बी एवं सी बूथ बनाए गए है, जिसमें 1245 बी बूथ एवं 541 सी बूथ बनाए गए है। इसी प्रकार ट्रांजिट टीम 42 एवं मोबाइल टीम 19 है। देवास जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के कुल 190366 बच्चे पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलाने के लिए चिन्हित किये गये हैं। जिसमें देवास शहरी क्षेत्र 34599, विकासखंड बरोठा 27744, विकासखंड सोनकच्छ 20540, विकासखंड टोंकखुर्द 15809, विकासखंड बागली 38288, विकासखंड खातेगांव 22400 एवं विकासखंड कन्नौद 30986 बच्चे है।

# युवती के अपहरण के बाद बनी उपद्रव की स्थिति

**आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ की**



**देवास।** घटना के बाद भारी पुलिस बल रहा तैनात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के उदनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को युवती के अपहरण के बाद क्षेत्र में माहौल गर्मा गया। आक्रोशित भीड़ ने कुछ गाड़ियों और मकानों में तोड़फोड़ की, जिसके कारण हालात तनावपूर्ण बन गए हैं। तीन थानों के पुलिस बल के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इलाके में पहुंचे हैं और स्थिति को संभालने की कोशिश की गई। जानकारी अनुसार एक लड़की के अपहरण के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी।

दरअसल गुरुवार को उदयनगर क्षेत्र में एक युवती के अपहरण के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी के घर को तोड़ने की मांग करते हुए मकानों व कुछ वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बागली, हाटपीपल्या, कांटाफोड़ आदि थानों का पुलिस बल तैनात किया गया। एएसपी आकाश भूरिया भी उदयनगर पहुँचे। जानकारी अनुसार जोशी कॉलोनी निवासी साहिल पिता शौकत ने अपने जीजा के साथ मिलकर आदिवासी लड़की का अपहरण कर लिया। मामले में युवती के परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत की।

पुलिस ने आरोपी साहिल उसके पिता शौकत पिता छोटू, मां अनीशा पति शौकत, पीर परवेज पिता अज्जू के खिलाफ अपहरण, मारपीट, जान से मारने की धमकी व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले एएसपी आकाश भूरिया ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर दो को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। वही लड़का और लड़की की तलाश जारी हैं।

# माहेश्वरी महिला संगठन ने किया बुजुर्गो का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी एवं सचिव अनीता मंत्री ने बताया कि रघुकुल रीत सिद्धा समिति एवं पारिवारिक समरसता समिति के अंतर्गत बुजुर्गो की चौपाल में समाज के 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के 13 समाजसेवियों मनोरमा परवाल, चंद्रकांता बजाज, कमला भूतड़ा, सुबोधिनी मालू, प्रहलाद दास महेश्वरी, पुष्पा डागा, लीला मूंदड़ा, शांता गांधी, प्रहलाददास तापड़िया, कमला तापड़िया, नारायणदास चौधरी, एमएल गगरानी, मनोरमा परवाल का सम्मान भेरूगढ़ स्थित श्रीराम मंदिर पर किया गया। मध्यांचल सहप्रभारी रंजना परवाल, सहसंयोजिका मीनाक्षी झंवर एवं समिति सदस्य अमिता मालू ने बताया कि सर्वप्रथम महिला संगठन की सदस्यों द्वारा बुजुर्गों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात बुजुर्गों का पाद प्रक्षालन एवं पूजन किया गया, तत्पश्चात सभी को तिलक कर और दुपट्टा पहनाकर तथा सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान सभी बुजुर्गो ने महिलाओं को आशीर्वचन दिए। रूपल सोमानी एवं अलका भूतड़ा ने चारधाम यात्रा की शानदार नाट्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भजन गायक द्वारका मंत्री ने माता पिता के भजनों की प्रस्तुति दी।

# माता टेकरी पर बेअरलॉकर उद्योग की सहायता से लगेगा सोलर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के सर्वांगीण विकास में यहां स्थित उद्योग अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में देवास स्थित माता टेकरी पर आज बेअरलॉकर उद्योग की सहायता से लगने वाले सोलर सिस्टम का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन के दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम बिहारी सिंह, तहसीलदार निधि राजपूत, उद्योग केंद्र महाप्रबंधक मंगल रैकवार के साथ बेअरलॉकर उद्योग के ग्लोबल हेड हितेश कंवर, सीएसआर हेड मुकेश मेहता, प्रवीण शर्मा, एक्ट इव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा तथा मुंबई से विशेष रूप से उपस्थित बोमन मोराडियन, राखी पटवा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस अवसर पर एडीएम प्रवीण फुलपगारे ने भी बेअरलॉकर उद्योग के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएसआर मद से शहर की जरूरतों में मदद सराहनीय है। एसडीएम बिहारी सिंह ने कहा कि बेअरलॉकर उद्योग की सहायता से लगने वाले इस सोलर सिस्टम से विद्युत व्यय में भारी कटौती होगी। उन्होंने टेकरी पर पौधारोपण के लिए भी आग्रह किया।

# शिक्षा से केवल शिक्षित ही नहीं होते अपितु अच्छे नागरिक भी बन जाते हैं: गोडरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के लोकव्यापीकरण के तहत स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर परमानंद गोडरिया उपायुक्त सहकारिता तथा मनीष चौधरी सीनियर इंस्पेक्टर डीआरसीएस माध्यमिक विद्यालय इटावा देवास में उपथित हुए। अतिथिद्वय ने विद्यार्थियों से भेंट कर चर्चा की। उपायुक्त गोडरिया ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा से केवल शिक्षित ही नहीं होते, अपितु अच्छे नागरिक भी बनते हैं। स्वागत भाषण सरला सोनी ने दिया। प्रधानाध्यापक राजेन्द्रसिंह सोलंकी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक रमेशचंद्र कौशल प्रेरक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनीस शेख, ऐश्वर्य मिश्रा, गजेन्द्र परमार, ऋषा मंडलोई, राजकुमार परमार उपस्थित रहे। आभार वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप राणा ने माना।

# स्कूल चले अभियान के तहत स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को स्कूल चले हम कार्यक्रम भविष्य से भेंट के अवसर पर शासकीय सिंधी माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 4 देवास में एडीएम अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे की अध्यक्षता, ड्रग इंस्पेक्टर कपिल नागर, वार्ड पार्षद अजय पडियार एवं प्रेरक मोनू तिवारी योगा टीचर पालकों ,छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम द्वारा अपने लक्ष्य को किस तरह से प्राप्त किया जाए इस पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रश्नों के उत्तर दिए। ड्रग इंस्पेक्टर कपिल नागर द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। वार्ड पार्षद अजय पडियार द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए पालकों से चर्चा की गई। शाला में सीड बॉल निर्माण कार्य को देखकर सराहना की गई। संस्था में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रेरक योगा टीचर मोनू तिवारी द्वारा विभिन्न योग आसनों का बच्चों द्वारा प्रदर्शन किया गया। संस्था प्रधान हेमंत कानूनगो द्वारा संस्था में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। एफ एल एन जानकारी परवीन शेख द्वारा दी गई। पालकों को प्रेरित करने के लिए बिंदु तिवारी द्वारा एक कविता प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य फरहा कुरैशी, नंदनी शास्त्री, माया पाठक, शकुंतला मालवीय, जितेंद्र शास्त्री, चंद्रशेखर तिवारी एवं महेश सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीना खत्री द्वारा किया गया और आभार बिंदु तिवारी ने माना।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज, सम्पूर्ण जिले में होंगे सामूहिक योग

# स्वस्थ रहने के गुर सीखने शहरवासी जल संसाधन मंत्री सिलावट के साथ कैलादेवी फ्लाईओवर पर करेंगे योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला मुख्यालय देवास सहित सम्पूर्ण जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम तथा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को प्रातः 6 बजे से देवास के कैलादेवी फ्लाय ओवर ब्रिज पर आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं तथा देवास की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ योग किया जाएगा।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता से सभी जनप्रनिनिधियों, शहरवासियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं पत्रकारबंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है। जिले में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला मुख्यालय सहित जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम की समय सारणी के अनुसार सभी सहभागीगणों को प्रातः 6 बजे से पूर्व उपस्थित होना होगा। इसी प्रकार अतिथिगण का आगमन प्रातः 6 बजे होगा तथा अतिथिगण का




उद्बोधन प्रातः 6 बजे होगा। मुख्य कार्यक्रम के अतिथियों का उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6.10 बजे होगा। सामान्य योग अभ्यास क्रम प्रातः 7 से 7.45 बजे तक होगा। इसके पश्चात 7.50 बजे आभार एवं कार्यक्रम समापन होगा। योग करने के कई फायदे हैं। योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। योग जीवन जीने की कला सिखाता है।

योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम करता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। यदि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है।

# बागली नगर आगमन पर सांसद पाटिल का किया गया तुलादान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

लोकसभा खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जीतने के बाद बुधवार को पहली बार बागली नगर पहुंचे। नगर के प्रसिद्ध कालका माता मंदिर परिसर में पूर्व पार्षद कमल जायसवाल के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया। स्वागत के साथ ही सांसद का फलों से तुलादान किया गया।इस दौरान कमल जायसवाल ने बताया कि सांसद को वार्ड में किए जाने वाले विकास कार्यों से भी अवगत कराया गया है। नवनिर्वाचित सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मंदिर परिसर में मां कालका के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा अपनी समस्याएं भी सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के समक्ष रखी गई, जिनका जल्द हल करने का आश्वासन उन्हें पाटिल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, मुकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बीजेपी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कन्नौद मिर्जी में विधायक ने निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन




**आष्टा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कन्नोद मिर्जी (शिवजी) में सर्व समाज द्वारा धर्मशाला निर्माण का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित होकर ग्रामवासियो के अथक प्रयासों और उत्कृष्ट कार्य पर बधाई दी। सर्व प्रथम कन्या पूजन कर भगवान श्री राम चंद्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया तत्पश्चात अतिथियो का स्वागत सम्मान कर अतिथियों द्वारा भूमिपुजन एवम् पौधरोपण किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारत में विभिन्न धर्मों और संस्कृति को मानने वाले लोग हैं हमारी संस्कृति जो सभी धर्मो का आदर करना सिखाती हैं ग्राम में सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों के लिए स्थान होना अति महत्वपूर्ण है हम सभी एक दूसरे के सुख दुःख के समय काम आए ये बड़ी बात है श्री राम धर्मशाला निर्माण कार्य में मुझे बुलाया आप सभी का धन्यवाद इसी क्रम में मालवीय समाज द्वारा भी माननीय विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण युवा साथी ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम में भावुक हुए राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

# 'मुझे जल्दी ही दुनिया से जाना है, समय कम इसलिए भलाई के काम करना है'

इछावर के कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया मे किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम मे पहुंचे राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा।


हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



मेरे पास अब समय कम है, मुझे जल्दी ही दुनिया छोड़कर ऊपर जाना है, इसलिए मैं जल्दी - जल्दी लोगों की भलाई के काम करना चाहता हूँ ताकि ऊपर वाले को हिसाब दे सकूं। यह मार्मिक बात राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के सेवनिया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कही। मंगलवार को इछावर से 5 किलोमीटर दूर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया मे किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम मे पहुंचे राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए भावुक हुए बोले - मुझे अब जल्दी ही दुनिया से जाना है , समय कम है इसलिए भलाई के काम करना चाहता हूँ ताकि ऊपर वाले को हिसाब दे सकूं वही तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारियों से कहा- कभी किसी का एक गिलास पानी भी मत पी लेना, मुझे मालूम पड़ा तो हलक से निकाल लूंगा, किसी को छोड़ूंगा नहीं। राजस्व मंत्री ने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया कि प्रधानमंत्री किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। किसानों की आय दोगुना करने के लिए ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लागू किया गया है। देशभर के 9.25 करोड़ किसानों को सीधे हर साल 6 हजार की आर्थिक सहायता पहुंच रही है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही, खेती का खर्च कम करने, किसानों को आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिले के 1.61 लाख किसानों के खातों में जमा हुए 32.64 करोड़ प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से खातों में ट्रांसफर किए। सीहोर जिले के 1 लाख 61 हजार 723 किसान शामिल हैं, जिनके खातों में कुल 32 करोड़ 34 लाख 46 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए।

#### किसानों को मिली सम्मान निधि

सीहोर तहसील के 25 हजार 493 किसान, श्यामपुर में 22 हजार 615 किसान, आष्टा में 32 हजार 165 किसान, जावर में 15 हजार 316 किसान, इछावर में 23 हजार 523 किसान, बुदनी में 8 हजार 858 किसान, रेहटी में 12 हजार 65 किसान, भैरूंदा में 21 हजार 233 किसान सहित सीहोर नगर में 455 किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की राशि ट्रांसफर की गई।




# महिला का आरोप, चुनाव ड्यूटी पर गया था पति जेठ ने किया दुष्कर्म

**ससुर और तांत्रिक पर भी लगाए गंभीर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दुष्कर्म पीड़िता न्याय के लिए दो थानों के चक्कर लगा रही है। विवाहिता ने जेठ ससुर और तांत्रिक बाबा पर दुष्कर्म करने के आरोप लगाए है। कार्रवाई के लिए पुलिस के द्वारा पीड़ित विवाहिता से दुष्कर्म के सबूत मांगे जा रहे हैं। विवाहिता का मायका सीहोर जिले के आष्टा में और ससूराल हरदा जिले के खिरकिया छीपाबड़ में है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने से छीपाबड़ थाना पुलिस ने इनकार कर दिया। आष्टा थाना पुलिस भी इस मामले में कुछ करने को तैयार नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पीड़िता ने आरोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है। पीड़िता विवाहिता ने बताया कि शशांक राय पिता संतोष राय से 15 मई 2023 को शादी हुई थी। विवाह के बाद एक डेढ़ माह सब ठीक चल रहा था। अचानक ससुर, सास, जेठ और पति का व्यवहार बदल गया। पति शासकीय कर्मचारी के रूप में नसरुल्लागंज के छिदगांव मोजी में पदस्थ है। पति 17 नवंबर को चुनाव ड्यूटी पर गए हुए थे। उसी रात जेठ अंकित राय उर्फ सोनू ने नींद का फायदा उठाकर गलत काम किया। विरोध करने पर मुंह दबा दिया जान से मारने की धमकी दी। घटना ससुर सास और पति को बताई। तीनों ने डराकर चुप कर दिया। पति चुनाव ड्यूटी से 19 नवंबर को खिरकिया आए और मुझे नसरुल्लागंज ले गए लगभग डेढ़ महीने तक बहुत डराया। जिस कारण अपने माता पिता को में कुछ नही बता पाई। मेरी तबीयत खराब होने पर ससुर 29 जनवरी कि रात तांत्रिक मुनिया बाबा प्रजापत को घर बुला लाए और तांत्रिक ने मुझे कोई मंत्रीत किया हुआ पानी पिलाया जिससे में अचेत अवस्था में चली गई। यह ससुर ने गलत काम किया में खूब चिल्लाई ससुर बोला कि यदि तूने मुंह खोला है तो तुझे और तेरे परिवार वालों को तांत्रिक बाबा के द्वारा खत्म करवा दूंगा। आखिर अधिक परेशान होने पर परिजनों को घटना बताई जिस के बाद छीपाबड़ पुलिस थाना पहुंची। महिला पुलिस कर्मी के द्वारा दुष्कर्म का सबूत मांगा गया और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर मायके के नजदीगी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही परिजनों के साथ आष्टा थाना पहुंची तो कहा गया की मामला गंभीर है छीपाबड़ पुलिस थाना में ही रिपोर्ट दर्ज होगी।

# सीएम राइज स्कूल में मना प्रवेशोत्सव, विद्यार्थियों का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के निर्देशानुसार विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीएम राइस शासकीय माध्यमिक शाला बुधवारा आष्टा मैं सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव 2024 बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया बच्चों के प्रथम बार प्रवेश पर ढोल बजाकर मुख्य अतिथियों एवं बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया, बच्चों को गणवेश एवं निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा बच्चों को आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया, सबको अच्छी शिक्षा एवं शासन की योजनाओं के बारे में अभिभावकों एवं बच्चों को समझाया गया की बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें।

इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल, पार्षद विशाल चौरसिया, सिद्धि गंज मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह जाट, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने जीवन मे आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के महत्व को बताया इस अवसर पर हरेंद्र सिंह ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तरुण कुमार बैरागी, विकासखंड सह-समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव, सीएम राइस शासकीय उमावि कैंपस 1 उत्कृष्ट आष्टा प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान आष्टा विकासखंड अकादमिक समन्वयक मनोज कुमार विश्वकर्मा,मनोहर लाल विश्वकर्मा, देव जी मेवाड़ा फूलचंद सांकले, जन शिक्षक रजनीकर माहेश्वरी, ज्ञान सिंह मेवाडा, प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुठानिया एवं शिक्षक गण राजीव सारसिया, कुमेर सिंह ठाकुर, हेमंत मेवाड़ा नीरज सिंह ठाकुर, श्रीमती श्वेता पांडे नीतू चौरसिया, संघमित्रा धांसू, किश्वरजहां, संध्या पटेल उपस्थित रहे माँ सरस्वती की आराधना के पश्चात शाला शिक्षकों द्वारा अतिथियों , पालको एवम् बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथियों के आशीर्वचन उपरांत, गुणवत्ता युक्त, स्वादिष्ट मध्यान भोजन का वितरण किया गया, पहले दिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



#### मॉडल स्कूल में आज मनेगा प्रवेशोत्सव

शासकीय स्कूलों में मंगलवार 18 जून से तीन दिवसीय 20 जून तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। माडल स्कूल में 19 जून को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में प्रवेशोत्सव, पुस्तक वितरण, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शासकीय मॉडल स्कूल के प्राचार्य सी एल पैठारी ने बताया कि इस बार प्रवेशोत्सव कुछ अलग और विशेष रहेगा । क्योंकि बच्चों को मोटिवेट करने के लिए सरकारी या निजी स्कूलों में पड़कर सफल हुए जनप्रतिनिधि ,अधिकारी, राजनेता ,व्यापारी, समाजसेवी जैसे लोग जो किसी मुकाम पर है वह प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को मार्गदर्शित करेंगे। यह बच्चों को अपनी पढ़ाई ,अपने गुरु और अपने समय का अनुभव और संघर्ष की कहानी सुनाएंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पटेल गजराज सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर , विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, बीआरसीसी तरुण बैरागी, प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि लोगों को इस बार अभियान से जोड़ने के लिए विभाग की ओर से ऐसे सभी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है,जो वर्तमान में सफल है। इसमें लोगों को यह सुविधा है कि वह अपनी पसंद का स्कूल चुन सकते हैं। श्री राजपूत ने बताया कि प्रवेशोत्सव में मोटिवेशनल कार्यक्रम 3 दिन तक चलेगा। इसका समापन 20 जून को होगा। इसमें सफल लोगों की मुलाकात बच्चों और उनके अभिभावकों से कराई जाएगी। इसमें वह अपनी जिंदगी का अनुभव बच्चों के साथ साझा करेंगे। अजब सिंह राजपूत ने यह भी बताया कि वह बताएंगे कि कैसे और किन परिस्थितियों में पढ़कर वे लोग सफल हुए हैं। उसे समय उन्हें किन कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा था। उनके समय में स्कूलों में क्या सुविधा थी और माता-पिता की क्या आर्थिक स्थिति थी। अपनी कहानी से बच्चों को अच्छी शिक्षा लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

# जल संवर्धन अभियान के तहत नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर


जल संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद जावर द्वारा अम्बेडकर चौराहा पर सफाई अभियान चलाकर रोड और पार्क की सफाई करवाई गई। साथ ही अम्बेडकर पार्क के पास दुकानदारों द्वारा अतिक्रमंण कर लिया गया था निकाय के अमले द्वारा अतिक्रमंण हटाया गया। साथ ही उनको हिदायत दी गई कि दोबारा अतिक्रमंण न करे, व साफ सफाई का ध्यान रखें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी के नेतृत्व में राजस्व अमला और सफाई अमला व निकाय के उपयंत्री दीपक अटेरिया, प्रभारी दरोगा रोहित चिंतामण, मुकेश चावडा, मुजफ्फर खान, ऋषि वर्मा, दिनेष वैद्य, अशोक वैद्य, आदि ने अतिक्रमंण हटाकर स्वच्छ नगर सुंदर नगर बनाने की अपील की।



# कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत से बेंगलुरु प्रवास के दौरान भाजपा नेता ने राजभवन पहुंचकर की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गेहलोत से सीहोर जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बेंगलुरु प्रवास के दौरान राजभवन पहुच कर भेंट कर उनका सम्मान किया। सीहोर जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रवास के दौरान बेंगलुरु पहुचे। बेंगलुरु में कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गेहलोत से राजभवन पहुच कर उनसे भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया। राजभवन में महामहिम से भेंट के दौरान वैभव जैन, अनु जैन, अस्मिता संचेती, बेबी रक्षिता जैन भी उपस्तिथ थे। मुलाकात के दौरान महामहिम के स्वभाव के अनुरूप आत्मीयता भरा स्नेह ओर आशीर्वाद प्राप्त हुआ।



**रात्रि कालीन लेदर बॉल राज्य स्तरीय आष्टा लीग का हुआ फाइनल मुकाबला**

# आष्टा ने सीहोर टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी पर किया कब्जा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान पर आयोजित रात्रि कालीन लेदर बाल राज्य स्तरीय व आष्टा क्रिकेट लीग फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें आष्टा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाएं लेकिन खिताबी मुकाबले में सीहोर इन 130 रनों के लक्ष्य को बनाने में असफल रहे इस टूर्नामेंट के आयोजक राहुल वाल्मीकि, देवेंद्र मालवीय, निर्णायक समिति मोहन सिंह मेवाडा, कैलाश घेंघट, कुशल पाल लाला, अमित बिल्लोरे, फिरोज अली, दीपक पाटीदार रहे। पुरस्कार वितरण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, नगर परिषद कोठारी अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, खेल युवा कल्याण विभाग जितेंद्र आजाद सत्यनारायण कामरिया, धनरूपमल जैन, कमलेश जैन, डॉक्टर सलीम, हरि ओम सरपंच, सोनू मेवाड़ा सरपंच के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें आष्टा के खिलाड़ी नयन राज मेवाड़ा] टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ फील्डर बलबीर सिंह ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर देवेंद्र साहू, कालू, मैदान को तैयार करने के लिए अमित बिल्लोरे को सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान शाहरुख मंसूरी, ऑनर फैजुद्दीन को विजेता ट्राफी और नगर पुरस्कार दिया गया। द्वितीय पुरस्कार सीहोर कप्तान चेतन मेवाड़ा और सीहोर की टीम को दिया गया। संचालन दीपक तुतलानी कुशलपल लाला राहुल वाल्मीकि द्वारा किया गया।

# जीव दया हेतु भक्तांबर का पाठ कर 48 दीपक प्रज्वलित किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा। जीव दया हेतु श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज की जय जिनेन्द्र महिला मंडल द्वारा श्री भक्तांबर पाठ और णमोकार महामंत्र का जाप कर 48 दीपक प्रज्वलित कर भगवान की भक्ति भाव से आराधना की गई।

पूरे देश में जीव दया हेतु जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा सोमवार की रात्रि में विशेष धर्म आराधना श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में की गई। उपस्थित सभी महिलाओं ने भगवान की आराधना कर सभी जीवों के कल्याण की कामना की गई।

# सस्ते व काम चलाऊ शिक्षकों के भरोसे ही चल रहे जिले में अधिकांश स्कूल व कॉलेज!

- भ्रामक प्रचार करने वाले अवैध स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश से बचाएं अपने नौनिहालों को, बिना अनुमति ही चला रहे हैं शैक्षणिक संस्था
- शिक्षा विभाग की सुस्ती के कारण सरे आम चल रहें है बिना अनुमति के स्कूल व कॉलेज, शिक्षा माफिया को नहीं किसी का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




शिक्षा की आड़ में शिक्षा माफिया किस तरह अपने आप को साफ सुथरा और पढा लिखा बताकर क्षेत्र में बच्चों के भविष्य के साथ खिलबाड़ करते है यह देखना हो तो पहले जीरापुर ब्लॉक में आइए।

जी हां वही जीरापुर जहां पर तमाम दावों के बाद भी पिछलें सालों में बोर्ड पेपर लीक होने के कारण प्रदेश की सुर्खियां बना था। यहां पर हाल यह है कि जिन स्कूलों की अनुमति है वह संबंधित मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर रहे और कई स्कूल तो बिना किसी अनुमति के ही संचालित हो रहे है। हाल यह है कि विद्यार्थीयों के सुनहरे भविष्य पर ग्रहण लगाने का काम घडल्ले से किया जा रहा है और शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी ऑखें मूंदकर कुंभकरणी निद्रा में है। उन्हें सालों से चल रहा यह शिक्षा का अवैध कारोबार दिखाई नहीं दिया। बीईओं जीरापुर जगदीश बैरागी से जब इस बारे में पूछा गया तो पहले तो उन्होने पल्ला झाडते हुए बीआरसी में पाले में ही गेंद फेंक दी थी परंतु जब उनकी जिम्मेदारी के बारे में पूछा गया तो उन्होने स्वीकारा की हां हम दिखवा लेंगें। गैर जिम्मेदारी भरा यह उत्तर बच्चों के भविष्य के लिए खतरा है। वहीं ब्लॉक के अंतिम छोर गोघटपुर में संचालित निजी स्कूलों के हाल यह है कि वहां पर सस्ते शिक्षकों के भरोसे देश का भविष्य बनाने के सपने दिखाए जा रहे है। विभाग को इनकी जांच कर इन पर सख्त कार्रवाई करना अनिवार्य हो गया है।

## वास्तविकता से दूर, भ्रामक प्रचार कर किए जा रहें है नए एडमीशन

कोई इंग्लिश मीडियम तो कोई सीबीएसई पैटर्न व अन्य तरह से ग्रामीण अविभावकों को गुमराह करने में लगा हुआ है। ऐसे में अविभावकों पर बडी जिम्मेदार हो जाती है किवह किस शैक्षणिक संस्थान को चुने। देखा जाए तो माचलपुर नगर में मां दुर्गा एकेडमी के नाम से एक निजी स्कूल संचालित है जिसके पास कक्षा 8 वीं तक की मान्यता है परंतु पिछले कई सालों से व इस बार फिर 10 व 12 बोर्ड की मान्यता नहीं होने के बाद भी बेधडक 12 प्रवेश तक का प्रचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया ग्रुप में एक पोस्टर वायरल किया जा रहा है जिसमें कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं के अनेक बच्चों के फोटो सहित प्राप्तांको के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया गया कि हमारे स्कूल में बहुत अच्छी पढ़ाई होती है। ऐसे में माचलपुर नगर के अन्य निजी स्कूल संचालकों द्वारा प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर नाराजगी जताई गई कि जब मां दुर्गा एकेडमी की मान्यता कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12 वीं की थी ही नहीं तो इस तरह भ्रामक प्रचार क्यों किया जा रहा है।




## एस बी एए कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ और कॉलेज एफीलिएशन का पता ही नहीं

बोडा में बस स्टेंड पर जिला सहकारी बैंक के पीछे संचालित होने वाले अवैध कॉलेज जो ग्रेजुएशन से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक कराने का दावा कराने वका दावा कर रहा है उसका किसी भी यूनिवर्सिटी से कोई संम्बद्धता ही नहीं है फिर भी बैखौफ होकर प्रवेश प्रारंभ के होर्डिंग्स लगाए गए है। ऐसे में जब हरिभूमि द्धारा संचालक हरिओम राजपूत से बात की गई तो उन्होने गलती स्वीकार करते हुए अपनी गलती मानी परंतु इन पर प्रशासन की चुप्पी क्यों रहती है और हमेशा अवैध काम कैसे चल निकलते है यह प्रश्न आम जनता को कौधता है।

### जानकारी लेंगे

हमारे रिकार्ड में इस स्कूल की कक्षा 8 वीं तक मान्यता थी। यदि बड़ी कक्षा की बात हो तो आप डीईओ से जानकारी लीजिए।

**आर.के.यादव,**
डी.पी.सी.राजगढ़

### जांच करवाएंगे

इस स्कूल की कक्षा 8 वीं तक ही मान्यता थी। यदि जिस तरह बड़ी कक्षा पढ़ाने के पोस्टर वायरल किए गए तो जांच करवाएंगे और कार्रवाई करेंगे।

**देवेन्द्र सिंह रघुवंशी**
जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

भवानीपुरा से लौट रहे थे राजगढ़

# मनोहरथाना में हुए हादसे में राजगढ़ के 3 व्यक्तियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ

सीमावर्ती झालावाड़ जिले के मनोहरथाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में बाईक सवार तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जिनमें 2 रिष्ते में ससुर-दामाद थे। तीनों मृतक राजगढ़ ब्लॉक के कराड़िया, पीपल्या एवं पिपलोदी गांव के निवासी थे। घटना के बाद बाईक में टक्कर मारने वाले वालन का चालक फरार हो गया।

मनोहरथाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजगढ़ के धनवास निवासी रामप्रसाद पिता गोरीलाल, पीपल्या निवासी रामकिषन पिता मांगीलाल एवं रिष्तेदार नारायण पिता घीसालाल, एक महिला सहित पांच लोग दो अलग-अलग बाईकों से राजगढ़ लौट रहे थे। ये पांचों भवानीपुरा गांव में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए थे। आगे चल रही बाईक पर रिष्ते में ससुर-दामाद लगने वाले रामप्रसाद, रामकिषन सहित मांगीलाल चल रहे थे। पीछे की बाईक पर महिला सहित दो व्यक्ति आ रहे थे।

## घुमाव पर कार ने मारी बाईक में टक्कर

मनोहरथाना के समीप इकलेरा रोड पर एक घुमाव वाले स्थान पर इनकी बाईक में सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे वाली बाईक पर आ रहे इनके दोनों साथियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को मनोहरथाना अस्पताल भिजवाया जहां रामप्रसाद की मृत्यु हो गई। दोनों अन्य रामकिषन और नारायण को झालावाड़ रेफर किया गया जहां उनकी भी मृत्यु हो गई।

# करंट लगने से महिला की मौत



**खुजनेर।** बारिश आते ही बिजली से कारंट लगानें कि घटनाएं बहुत देखने को मिलती हैं। वहीं मंगलवार को ग्राम बखेड का मामला सामने आया। जहां एक बुजुर्ग महिला को अपने ही खेत करंट लगने से मृत्यु हो गई। ग्राम बखेड में रसूलपुर रोड़ पर बादाम बाई पति रामचंदर दांगी उम्र 64 वर्ष अपनी खेद पर ही महिला को कारंट लगाने से मृत्यु हो गई। महिला को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर लगाया गया। जहां डाक्टर विशाल सिसोदिया द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम किया। सिसोदिया ने बताया कि महिला के एक हाथ,सीर में करंट लगने से घाव के निशान है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं गांव में एक हफ्ते में करंट लगने कि दुसरी घटना है। इसके पहले खेत पर ही करंट जगदीश दांगी को लगा था। जिसका इलाज शाजापुर के एक निजी अस्पताल में कराया गया था।

# जिला सम्मेलन ओर पेंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय मेडतवाल धर्मशाला में मध्यप्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा द्वारा जिला सम्मेलन एवं पेंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश चंद्र नागर, मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी,अतिथि वरिष्ठतम पेंशनर्स रामचंद्र वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक भैरवलाल गुप्ता ,सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर आर एन कुशवाह, डॉ.आरबी गुप्ता, एवं विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,गिरिराज गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।

तत्पश्चात उपस्थित नवीन पेंशनर्स एवं समस्त पेंशनरों का स्वागत पीतांबर वस्त्र शाल श्रीफल शील्ड प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया । स्वागत भाषण स्थानीय शाखा अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद द्वारा संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपना स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पेंशनर संघ की मजबूती और संगठन के कारण पूरे जिले में 13 शाखाएं संचालित हो रही है। हमारी मजबूती का ही परिणाम है की शासन द्वारा हमको समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधा एवं हमारी पेंशन में आंशिक वेतन वृद्धि अनेक प्रकार की सुविधा मिल रही है वरिष्ठतम पेंशनर्स को भी वेतन में वृद्धि कर प्रदान की जा रही है इसके लिए हम सबको हमेशा संगठन के लिए तत्पर रहना होगा । इस मौके पर बड़ी संख्या में जिले भर के पेंशनर्स द्वारा जिला सम्मेलन में भाग लिया गया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय पेंशनर्स शाखा अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद द्वारा किया गया अंत में आभार सेवानिवृत्ति सीएमओ रमेशचंद्र चैरसिया द्वारा व्यक्त किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में पेंशनर संगठन के महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

वेतन मिला तो भत्ते से धोना पड़ेगा हाथ

# जिले के पटवारियों को अप्रैल मई माह का नहीं मिला है वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ


राजगढ़ जिले की अधिकांष तहसील के पटवारियों को अप्रेल एवं मई माह का वेतन नहीं मिल पाया है। यह जून तीसरा महीना चल रहा है। वेतन नहीं मिलने पर पटवारी भी ज्यादा नाखुष नहीं हैं न ही वेतन दिए जाने की मांग कर रहे हैं इसके पीछे का कारण एक भत्ता है जो वेतन के साथ ही मिल पाता है और अगर वेतन दे दिया जाए तो वो भत्ता अगले महीनों के वेतन में नहीं मिल पा कुछ पटवारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि यह तीसरा महीना है जब पटवारियों को वेतन नहीं दिया गया है। दरअसल, तहसील कार्यालयों से पटवारियों की तनख्वाह के बिल टेजरी में भेजे जाते हैं लेकिन तहसीलों से बिल भेजे ही नहीं गए हैं। जबकि, 30 मई को आयुक्त, भू-अभिलेख द्वारा निर्देष दिए गए हैं कि भत्ता मद को छोड़कर वेतन के बिल कोषालयों में भिजवाए जाएं। लेकिन, तहसीलों से कोषालय को पटवारियों की तनख्वाह के बिल नहीं भिजवाए गए हैं। आयुक्त द्वारा यह भी बताया जा चुका है कि भत्ता मद में आबंटन होने पर वह बाद में दे दिया जाएगा।

## भत्ता छोड़ा तो फिर नहीं आएगा

पटवारियों का मानना है कि एग्री स्टेट नाम का जो भत्ता है अगर वो वेतन के साथ नहीं लिया जाए तो फिर वो लेप्स जैसा हो जाता है। यही कारण है कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के बाद भी पटवारियों में किसी तरह का रोष नहीं है।

# तीव्र गति से आ रहे डंपर ने मोटर साइकिल चालक को मारी टक्कर

## अस्पताल में मोटरसाइकिल चालक को किया मृत घोषित



**खिलचीपुर।** बुधवार को दोपहर 12 बजे के लगभग तेज गति से आ रहे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, ग्राम बामनगाव निवासी दिनेश पिता रामचरण दांगी उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। परिजन घनश्याम दांगी द्वारा बताया गया कि मुझे मुकेश दांगी का फोन आया और उसने मुझे बताया कि मैं व गिरीराज दांगी दोनों खिलचीपुर जा रहे थे कि हमारे आगे आपका भतीजा दिनेश दांगी अपनी मोटर साईकिल से जा रहा था तभी हाई स्कूल के पास ग्राम कुलीखेडा गांव के दिनेश पहुचा कि सामने से डम्पर क्रमांक एमपी 39 एच 4025 का चालक बलवंतसिंह वर्मा निवासी मूण्डला का अपने टंपर को तेज गती व लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक तरीके से चलाते हुये लाया दिनेश की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी वह गिर गया जिसे हमने जाकर संभाला है उसके सिर व शरीर में जगह जगह चोटें लगी है आस पास के नागरिक द्वारा दिनेश को अस्पताल लाया गया जहां पर डांक्टर द्वारा दिनेश दांगी को मृत घोषित कर दिया है।

# नव प्रवेशित बच्चों का बड़े सार्थक रूप से तिलक लगाकर अभिनंदन किया



**छापीहेड़ा।** ज्ञान को अर्जित कराने का मंदिर स्कूल होता जिसमें बच्चों का बड़े सार्थक रूप से तिलक लगाकर अभिनंदन किया नव प्रवेशित बच्चों को गुरु के द्वारा सार्थक रूप से सम्मान मिला शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कुलीखेड़ा मैं मनाया नव प्रवेशित उत्सव कुलीखेड़ा स्कूल का बखान कर तो ज्ञान के क्षेत्र में गरिमामय सार्थक वातावरण से ही समझा जा सकता है बच्चों को शिक्षा के सर्वप्रथम एक अनूठी लक्ष्मण रेखा के तहत स्कूल टाइम के समय सिर्फ और सिर्फ शिक्षा ग्रहण करना ही पहली प्राथमिकता रहती है जिसे शिक्षक सरल स्वभाव के तहत पारदर्शिता के रूप में शिक्षा के अध्ययन बच्चों के समक्ष प्रेषित करते हैं आज की इस डिजिटल दुनिया में प्रोग्रेस के साथ साथ शिक्षा का ग्राफ भी बड़ा है क्योंकि आदर और सम्मान के जो क्षण देखने को मिलते हैं उससे साल भर की पूंजी बच्चों के मन मे ज्ञान अर्जित करने के लिए ललाहित सी रहती है साथ-साथ बच्चों के मस्तक पर तिलक लगाकर स्कूल में नव प्रवेशित का सौभाग्य आज के दिन बच्चों को अर्जित होता है ग्राम कुलीखेड़ा स्कूल शाला प्रभारी विश्वनाथ खींची सरपंच प्रतिनिधि मुकेश चैधरी शिक्षक श्रीमती मंजू शर्मा बिरम सिंह मोगिया रश्मि दांगी राकेश कुमार शर्मा एवं ग्राम कुलीखेड़ा के समस्त नागरिक गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, आगामी रूपरेखा बनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक बुधवार को पदाधिकारी पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की उपस्थिति में आयोजित की गई। अपने संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला पदाधिकारी को जानकारी देते हुए कहां की प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रकाश मुखर्जी की जयंती पर वृक्षारोपण कार्यक्रम व 25 जून को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया की कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर सभी के प्रभारी नियुक्त किए गए। इन्हीं कार्यक्रमों को लेकर 20 जुलाई को जिले के सभी मंडलों पर बैठक के आयोजित की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने विधानसभा चुनावों में मिली जीत को सभी कार्यकर्ताओं की जीत बताया। जिला प्रभारी श्री शर्मा ने एवं मंत्री गौतम टेटवाल ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भारतीय जनता पार्टी चुनाव में जीत का डंका बजा रही है। संचालन जिला महामंत्री जिला महामंत्री श्री देवी सिंह सोंधिया ने किया वहीं आभार जिला महामंत्री रामचंद्र जलालिया के द्वारा माना गया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास द्वारा दी गई।

# अशासकीय विद्यालय संगठन ने मांगों को लेकर राज्य मंत्री टेटवाल को ज्ञापन दिया



**सारंगपुर ।** बुधवार को अशासकीय विद्यालय संगठन के द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के समक्ष पहुंचकर उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को अवगत कराया कहा कि डीपीआई फीस पोर्टल पर एंट्री बंद कराई जाए तथा निजी स्कूल संचालकों के ऊपर बेवजह का भार है इसमें उन्हें मुक्त रखा जाए साथ ही कहा कि 2018 से आज तक की आरटीई की राशि का भुगतान नहीं हो सका जिसके कारण कई स्कूल संचालकों को अपने स्कूल संचालन में परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही तीसरी मांग को रखते हुए कहा कि फायर सेफ्टी रूल्स को स्कूलों से बाहर रखा है इसकी जरूरत स्कूलों में नहीं है साथ ही अपने साथी राधारमण पुष्पद की मृत्यु का कारण बताते हुए संगठन ने संस्था संचालक में आ रही समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया साथ में पिछले दिनों से प्रशासन के द्वारा दबाव प्राइवेट स्कूलों पर बनाया जा रहा है जिससे विस्तृत चर्चा और मांग की तथा अन्य मांगों को उनके समक्ष रखा जिसका पूर्ण समर्थन मंत्री टेटवाल ने किया तथा शीघ्र शिक्षा मंत्री को अवगत कराकर मुख्यमंत्री तक अवगत कराने का आश्वासन दिया कहा कि पूरी तरह से में प्राइवेट स्कूल के साथ हूं ज्ञापन के समय प्राइवेट स्कूल संचालक के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय राकेश पांडे रमेशचंद्र जोशी ब्लॉक अध्यक्ष मोहन नागर मोहन विश्वकर्मा रामविलास यादव पिंकेश नागर मोहम्मद उबेस अंसारी मनोज मालवीय मुकेश राजपूत विकास सिसोदिया आयुष चैहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## चरणतीर्थ मंदिर पर गिरी बिजली, बिजली की लाइन फाल्ट

**विदिशा।** मंगलवार को आकाशीय बिजली से चरण तीर्थ मंदिर का एक कोना क्षतिगस्त हो गया। छज्जे में छेद कर आकाशीय बिजली ने बिजली की लाइन जला दी। 18 जून 2007 को भी मंदिर के शिखर पर बिजली गिरी थी। जिससे मंदिर में क्षति पहुंची थी। चरणतीर्थ मंदिर पूरे जिले की पहचान हैं।

प्रवेशोत्सव में मंत्री टेटवाल ने पौधरोपण किया

# शिक्षा के क्षेत्र में पालक, बालक और शिक्षकों के समन्वय से नया आयाम स्थापित हो: राज्य मंत्री

**सारंगपुर ।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशो के परिपालन में स्कूल चले अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा हैं। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में मध्य प्रदेश शासन के तकनिकी शिक्षा कौशल विकास एंव रोजगार (स्वत्रंत प्रभार) राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप के जनपद अध्यक्ष देवनागर,नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा सहित जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री टेटवाल ने छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर उत्सव एवं उमंग के वातावरण में उन्हें माल्यार्पण कर पालकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री टेटवाल द्वारा शासन की



विभिन्न जन कल्याणकारी योजना के बारे में चर्चा करते हुए कहा की निष्ठावान कर्मचारियों की कर्तव्य परायणता के कारण सभी योजनाओं का सफल संचालन होता है शिक्षा के क्षेत्र में हमें पालक बालक एवं शिक्षको के समन्वय से नूतन आयाम स्थापित करना होगा तभी हमारा हमारी सरकार का सपना पूरा होगा। बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए मध्य प्रदेश शासन हमेशा संकल्पित है प्रवेश उत्सव के बाद अतिथि एवं अधिकारी एवं उपस्थित शिक्षको ने पर्यावरण को सुरक्षित एवं संघारित करने के संदेश देते हुए मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी बीएल वर्मा ने किया आभार विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी ने माना। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय,वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश कंपू, दिनेश शर्मा,पार्षद कुलदीप राठोर,भानु लववंशी, नरेंद्र कंडारे ,जिला शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक आर के यादव,एपीसी आर के गुप्ता सहित छात्र छात्रा व कर्मचारी उपस्थित थे।